# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 दिसंबर, 2023

अंक : 491

Coal India

G20 भारत 2023 INDIA


## डब्ल्यूसीएल की दो खदानों को स्टार रेटिंग अचीवर्स पुरस्कार से नवाज़ा गया




कोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए डब्ल्यूसीएल की अदासा यूजी टू ओसी तथा वर्ष 2020-21 के लिए मूँगोली खदान को स्टार रेटिंग अचीवर्स पुरस्कार से नवाजा गया है। उक्त अवार्ड माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के करकमलों से नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किए गए।

डब्ल्यूसीएल की ओर से सीएमडी श्री मनोज कुमार, वणी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री आभाश चंद्र सिंह तथा नागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किए।

इस कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के सचिव श्री अमृत लाल मीणा, अपर सचिव श्री एम नागराजू तथा कोल इंडिया चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद की विशिष्ट उपस्थिति रही।

सीएमडी श्री मनोज कुमार ने इन उपलब्धियों का श्रेय पूरी टीम-डब्ल्यूसीएल को दिया तथा सभी को बधाई दी।

ज्ञात हो की कोयला मंत्रालय द्वारा कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को सात व्यापक मॉड्यूलों - खनन प्रचालन, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी एवं बेस्ट प्रैक्टिस का समावेश, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, श्रमिक संबंधित अनुपालन और सुरक्षा एवं संरक्षण, के आधार पर देश भर की सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को स्टार रेटिंग दी जाती है। प्रत्येक खदान की उपलब्धियों का समग्र रूप से मूल्यांकन करते हुए, स्टार रेटिंग फाइव स्टार से नो स्टार तक के स्तर पर प्रदान की जाती है।




## वेकोलि की माइन रेस्क्यू टीम अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता में ओवर-ऑल दूसरे स्थान पर



वेकोलि की माइन रेस्क्यू टीम ने 10 से 15 दिसंबर 2023 तक रामागुंडम में आयोजित 52वीं अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए ओवर-ऑल दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उच्च प्रबंधन ने वेकोलि मुख्यालय में इस टीम से मुलाकात की। सीएमडी, श्री मनोज कुमार ने टीम के सभी सदस्यों को जीत की बधाई एवं भविष्य में भी उम्दा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सफलता दैनंदिन रेस्क्यू कार्यों को बेहतर बनाने में प्रेरक साबित होगी। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी ने रेस्क्यू टीम को बधाई दी।

उल्लेखनीय है की, "52वीं अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता" में पूरे भारत से 25 टीमों - कोयला क्षेत्र से 16 और गैर-कोयला क्षेत्र से 9 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वेकोलि की दो टीमों ने भाग लिया (टीम ए और टीम बी)। वेकोलि की टीमों ने निम्नलिखित पुरस्कार जीते।

ओवर-ऑल द्वितीय : वेकोलि टीम- A
ओवर-ऑल चतुर्थ : वेकोलि टीम- B
रेस्क्यू एवं रिकवरी - तृतीय: वेकोलि टीम- B
एफएबी ड्रिल - द्वितीय: वेकोलि टीम- B
एफएबी ड्रिल - तृतीय: वेकोलि टीम- A
फर्स्ट ऐड टेस्ट - तृतीय: वेकोलि टीम- B
टर्न आउट एवं ड्रिल - द्वितीय: वेकोलि टीम- A
सर्वोत्कृष्ट कप्तान: श्री टी रमेश, वेकोलि टीम- A

साथ ही, कोल इंडिया की टीमों में वेकोलि की टीम ओवरऑल प्रथम स्थान पर रही। यह उपलब्धि उसने पिछली पांच प्रतियोगिताओं में हासिल की है। अपनी टीम के अलावा वेकोलि भारत की 9 अन्य खनन कंपनियों (निजी और पी.एस.यू दोनों) को बचाव प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न






वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में दिनांक 27.12.2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में तथा निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कंपनी में राजभाषा कामकाज के प्रगति की समीक्षा की तथा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) एवं राजभाषा प्रमुख श्री आर. के. सिंह, सभी विभागाध्यक्ष एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य गण विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा/जनसंपर्क) डॉ. मनोज कुमार ने किया।



## सीआईएल के सीवीओ श्री ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी वेकोलि के दौरे पर रहे





श्री ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी, सीवीओ, सीआईएल, ने अपने दौरे के प्रथम दिवस पर 'वेकोलि में सूचना प्रौद्योगिकी की पहल' विषय पर आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रमुख अतिथि के तौर पर भाग लिया। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को संबोधित किया तथा इस दिशा में बेहतरी के लिए अपने सुझाव दिए। इस सत्र में महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री अनूप हंजुरा एवं सतर्कता विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसके उपरांत उन्होंने वेकोलि मुख्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भेट दी तथा वहाँ की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर वेकोलि के सभी क्षेत्रों की 24x7 निगरानी करने की सुविधा प्रदान करता है। यह निगरानी और वीडियो रिकॉर्डिंग वेकोलि के क्षेत्रों में लगाए गए 500 सीसीटीवी के माध्यम से की जाती है।

इस के उपरांत श्री त्रिपाठी और वेकोलि के सीविओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने उमरेड क्षेत्र के एमकेडी-3 के एफएमसी परियोजना तथा उमरेड खुली खदान का दौरा किया। उन्होंने यहाँ चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख अधिकारियों से बातचीत की एवं उनके प्रयासों को सराहा।

अपने दौरे के द्वितीय दिवस पर श्री त्रिपाठी ने 21 दिसम्बर 2023 को उमरेड क्षेत्र में पीआईडीपीआई पर सेमिनार लिया। उन्होंने कोयला परिवहन कार्यों की मॉनिटरिंग को बेहतर करने और आईटी उपकरणों के उपयोग से प्रणाली को सक्षम बनाने पर प्रकाश डाला। इस सेमिनार के दौरान वेकोलि के सीवीओ श्री म्हेत्रे ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री अनुप हंजुरा, सीआयएल के महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री मनोज गुप्ता, उमरेड के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री साबीर एवं बड़ी संख्या में कर्मी गण उपस्थित थे।





## वेकोलि सुरक्षा विभाग द्वारा सबसे बड़ा सशस्त्र प्रशिक्षण





वेकोलि सुरक्षा विभाग द्वारा अब तक का सबसे बड़ा सशस्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27 दिसंबर 2023 को हिंगना स्थित सीआरपीएफ रेंज पर आयोजित किया गया। वेकोलि के सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर चलाए जाने वाले मूल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम बैच 2023.10/11 में लगभग 100 सुरक्षा कर्मीयों (प्रशिक्षु वर्ग) ने विशेषज्ञों से विभिन्न प्रकार के हथियार चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वर्तमान में वेकोलि के पास 12 बोर डबल बैरल राइफल तथा सेमी ऑटोमोटिक पिस्टल हैं। इनका प्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सुरक्षाकर्मी कंपनी की संपत्ति एवं कोयला चोरी को रोकने के लिए करते हैं। मूल प्रशिक्षण में सर्वप्रथम प्रशिक्षु वर्ग को हथियार संबंधित सूक्ष्म जानकारी, हथियार उपयोग, उसे खोलना - बंद करना तथा अलग-अलग पोजीशन आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। तत्पश्चात, हथियार संबंधित जानकारी, रख-रखाव तथा आपदा की परिस्थिति में प्रयोग आदि से संबंधित ज्ञान प्रदान किया जाता है।

ज्ञात हो की अब तक वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में 500 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को एक सुनियोजित कार्यक्रम के तहत मूल एवं रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित कर उनकी शारीरिक क्षमता, मानसिक एकाग्रता एवं सम्पूर्ण विकास हेतु अनेक कार्यक्रम चलाए गए हैं। सुरक्षा विभाग वेकोलि को सुरक्षित, सुदृढ़, कार्यरत सुरक्षाकर्मियों को अनुशासन से परिपूर्ण तथा सशक्त बनाने की ओर निरंतर प्रयासरत है।






वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।